

लगातार सफेद गेंद काक्रिकेट(वनडे और टी20) खेलने से उनकी गेंदबाजी की लय और एक्शन प्रभावित हुआ जिसके कारण उन्हें भारत के खिलाफ वेलिंगटन में हुए पहले टेस्ट में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। - **जैकब डफी**

**न्यूजीलैंड गेंदबाज, सफेद गेंद से गेंदबाजी लय और एक्शन प्रभावित होने को लेकर।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## ऋषभ पंत

**भारतीय** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन जैकब डफी की गेंद पर मिड ऑन के ऊपर से छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। पंत के नाम अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में कुल 89 छक्के हो गए हैं। इस प्रतियोगिता का पहला चक्र एक अगस्त 2019 को शुरू हुआ था। पंत ने इस मामले में इंग्लैंड के बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 88 छक्के हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** सचिन तेंदुलकर के 100 अंतरराष्ट्रीय शतक, वीरेंद्र सहवाग का 319 टेस्ट स्कोर और अनिल कुंबले की एक पारी में 10 विकेट की उपलब्धि भी भारतीय क्रिकेट के प्रमुख रिकॉर्ड्स में शामिल हैं।

### क्या आरसीए प्रशासक भास्कर ए. सावंत को अंधेरे में रखकर लिये गये निर्णय : जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल

# भ्रष्टाचार की आंच में तपता आरसीए कार्यालय

**( जाकिर हुसैन )**

जयपुर, 28 नवंबर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की कार्यप्रणाली लगातार सवालों के घेरे में है। आरसीए में लंबे समय से जारी विवादों ने प्रदेश की क्रिकेट व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कभी वित्तीय अनियमितताओं के आरोप, कभी प्रशासनिक फैसलों पर विवाद तो कभी एसोसिएशन में कोचों की नियुक्ति से लेकर महिला क्रिकेट की व्यवस्थाओं तक कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जो चयन प्रक्रिया और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हैं। इन सबके बीच राजस्थान के क्रिकेट खिलाड़ियों का भविष्य और क्रिकेट का विकास प्रभावित होने की आशंकाएं बढ़ रही हैं।

राजस्थान के हेड कोच राकेश बत्रा को हटाकर महिला कोच को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके पीछे पुरुष कोच नहीं रखने की बात सामने आई थी। वहीं दूसरी ओर अंडर-15 महिला खिलाड़ियों के ट्रायल के दौरान दस्तावेजों की जांच और रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी आरसीए के सफाई कर्मचारी अजय गोठवाल द्वारा निभाए जाने का मामला सामने आया है। जबकि आरसीए कार्यालय के सुरेन्द्र खैराजानी के द्वारा 27 व 28 नवंबर को अंडर-15 महिला ट्रायल के लिए रविंद्र (चार्ली) - रिकॉर्ड रूम, राकेश शर्मा - सुरक्षा प्रभारी, ओम शर्मा - जेडीसीए स्टाफ, श्याम सुंदर सैनी - स्टोर सहायक, संदीप चौधरी - स्टोर सहायक को लगाया था। लेकिन ट्रायल के वक्त यह सभी नदारद थे।

सवाल यह है कि जब महिला खिलाड़ियों के ट्रायल के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और स्टाफ की व्यवस्था की गई थी, तो यह जिम्मेदारी सफाई कर्मचारी को क्यों सौंपी गई?

दूसरी ओर राजस्थान की महिला टीमों का प्रदर्शन भी चिंता का विषय रहा है। अंडर-19 और अंडर-23 सहित टी-20 प्रारूप में टीमों को हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में महिला क्रिकेट के लिए बनाई गई रणनीति, कोचिंग व्यवस्था और चयन समिति की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। कोचों की नियुक्ति का आधार क्या है? महिला टीमों के लगातार निराशाजनक परिणामों की जिम्मेदारी कौन लेगा? और महिला खिलाड़ियों के ट्रायल जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में प्रशिक्षित एवं अधिकृत स्टाफ की जगह सफाई कर्मचारी से दस्तावेजों की जांच क्यों कराई गई? राजस्थान में महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने के दावों के बीच इन सवालों का जवाब और पूरी व्यवस्था में पारदर्शिता जरूरी है।

**बोन टेस्ट की रिपोर्ट को लेकर सवाल खड़े हो गए थे :** राजस्थान के अंडर-16 क्रिकेट में खिलाड़ियों की उम्र जांच के लिए कराए जाने वाले बोन टेस्ट की रिपोर्ट को लेकर सवाल खड़े हो गए थे। इससे चयन प्रक्रिया मो मेडिकल रिपोर्ट की विश्वसनीयता और उसकी समीक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। कुमार वासुदेव की पिछले वर्ष बोन टेस्ट में उम्र 16.4 वर्ष दर्ज की गई थी, जबकि इस वर्ष की रिपोर्ट में 15.11 वर्ष बताई गई थी। इसी तरह निलय अरोड़ा की पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उम्र 15.7 वर्ष थी, जबकि इस बार 16 वर्ष दर्ज की गई थी। रेयान सेबेस्टियन की उम्र को लेकर भी अंतर का उल्लेख किया गया था। तीन संभावित खिलाड़ियों में से दो का चयन किए जाने और सबसे कम उम्र के दावेदार के बाहर रहने का मामला भी सामने आया था।



**अंडर-15 महिला खिलाड़ियों के ट्रायल के दौरान रविन्द्र ( चार्ली ) के साथ दस्तावेजों की जांच और रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी निभाते आरसीए के सफाई कर्मचारी अजय गोठवाल।**

**मनमानी से चयन के आरोप :** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में अंडर-19 महिला टी-20 टीम के चयन को लेकर विवाद सामने आया था। चयन प्रक्रिया से नाराज हनुमानगढ़, अलवर और टोंक की खिलाड़ियों के अभिभावकों ने आरसीए प्रशासक को इसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। अभिभावकों का आरोप था कि उनकी बेटियों ने पिछले मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया, इसके बावजूद उन्हें टीम में जगह नहीं दी गई, जबकि अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों का चयन कर लिया गया था। चयन में मनमानी और पक्षपात के आरोप लगाते हुए अभिभावक पहले आरसीए कार्यालय पहुंचे, लेकिन वहां सुनवाई नहीं होने पर सचिवालय जाकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया था।

**जब नागपुर में फंसी राजस्थान की महिला खिलाड़ी :** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की प्रशासनिक व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हुए थे। अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम का टूर्नामेंट समाप्त होने के बाद भी खिलाड़ियों की जयपुर वापसी के टिकट की व्यवस्था नहीं होने का मामला सामने आया था। रिपोर्ट के अनुसार 15 महिला खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ नागपुर में फंस गए थे। टिकट भुगतान और चेक पर हस्ताक्षर को लेकर विवाद सामने आया। मामले में होटल भुगतान को लेकर भी अतिरिक्त खर्च की आशंका जताई गई थी। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने गई महिला खिलाड़ियों की वापसी की जिम्मेदारी किसकी थी? खिलाड़ियों को टिकट और यात्रा के लिए अधिकारियों के बीच चल रहे विवाद का खामियाजा क्यों भुगतना पड़ा?

**विजय मर्चेंट ट्रॉफी खेलने जा रही राजस्थान की अंडर-16 टीम को खराब बस के कारण रास्ते में बदलनी पड़ी बस :** विजय मर्चेंट ट्रॉफी में हिस्सा लेने लखनऊ जा रही राजस्थान की अंडर-16 टीम को जयपुर से करीब 600 किलोमीटर के सफर के लिए फ्लाइट की जगह बस से रवाना किया गया था। खिलाड़ियों को भेजने के लिए उपलब्ध कराई गई बस की हालत भी संतोषजनक नहीं थी। टीम को सुबह रवाना होना था, लेकिन बस की खराब स्थिति के कारण खिलाड़ियों को करीब डेढ़- दो घंटे इंतजार करना पड़ा। शिकायतों के बाद आगरा रोड पर दूसरी बस की व्यवस्था की गई। इस पूरी प्रक्रिया में खिलाड़ियों को परेशानी उठानी पड़ी।

# आकाशदीप के 5 विकेट पर भारी पड़े ब्लंडेल के 89 रन, दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड मजबूत

क्राइस्टचर्च, 28 नवंबर। टॉम ब्लंडेल की 89 रनों की शानदार पारी और गेंदबाजों के सामूहिक प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पकड़ मजबूत कर ली। आकाशदीप के पांच विकेट लेने के बावजूद न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 356 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम दिन का खेल समाप्त होने तक 116 रन पर छह विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। भारत अभी भी न्यूजीलैंड से 240 रन पीछे है। मेजबान टीम की ओर से काइल जैमीसन और जैकब डफी ने दो-दो विकेट लिए।

भारत की दूसरी पारी की शुरुआत बेहद खराब रही। मैट हेनरी ने पहले ही ओवर में यशस्वी जायसवाल को बिना खाता खोले बोल्ड कर दिया। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल ने जैमीसन की छोटी गेंद पर छक्का लगाया, जबकि केएल राहुल ने शानदार ऑन ड्राइव के जरिए चौका जड़ा। पडिक्कल ने हेनरी की गेंद पर स्क्वायर ड्राइव से एक और चौका लगाया लेकिन जैमीसन की गेंद पर ड्राइव खेलने के प्रयास में विकेटकीपर को कैच दे बैठे। वह 21 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद राहुल और शुभमन गिल ने पारी को संभालने की कोशिश की। हेनरी के ओवर में न्यूजीलैंड ने राहुल के खिलाफ एलबीडब्ल्यू की अपील पर रिव्यू भी लिया लेकिन भारतीय बल्लेबाज बच गए। हालांकि, चाय से ठीक पहले जैमीसन की शानदार गेंद गिल के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर



विकेटकीपर के पास चली गई। गिल के आउट होने से भारत का स्कोर तीन विकेट पर 59 रन हो गया।

चाय के बाद राहुल का साथ देने ऋषभ पंत आए। दोनों ने संभलकर बल्लेबाजी की और चौथे विकेट के लिए साझेदारी बनाने की कोशिश की। पंत ने शुरुआत में आक्रामक रुख दिखाया लेकिन जैमीसन की गेंद पर आगे बढ़कर खेलने के प्रयास में चूक गए। दूसरी ओर, राहुल ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को थकाने की रणनीति अपनाई और लगातार 25 गेंदें बिना रन बनाए खेलीं। पंत ने भी शुरुआती तेजी के बाद धैर्य दिखाया और अपनी पहली 25 गेंदों पर नौ रन बनाए। पंत 39 गेंदों पर 23 रन बनाकर लौटे। चार विकेट गिरने के बाद भारतीय पारी को संभालने की जिम्मेदारी राहुल पर थी। राहुल 25 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर और ध्रुव जुरेल ने संभलकर बल्लेबाजी की। दोनों बल्लेबाजों ने 15 से अधिक ओवर तक क्रीज पर टिककर भारत को संभालने की कोशिश की लेकिन दिन की आखिरी गेंद पर नाथन स्मिथ ने सुंदर को दूसरी स्लिप में कैच करा दिया। सुंदर ने 60 गेंदों पर 10 रन बनाए।

ब्लंडेल और स्मिथ ने सातवें विकेट के लिए 44 रन जोड़े। आकाशदीप ने स्मिथ को 26 रन के निजी स्कोर पर आउट किया। गेंद उनके बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर वापस आकाशदीप के पास गई और उन्होंने कैच लपक लिया। इसके बाद जैमीसन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए आकाशदीप और गुरनूर बराड़ की गेंदों पर चौके लगाए और न्यूजीलैंड को 300 रन के पार पहुंचाया।

हालांकि, आकाशदीप ने जैमीसन को भी पवेलियन भेजने का मौका बनाया। यशस्वी जायसवाल ने डीप मिडविकेट पर शानदार डाइव लगाकर उनका कैच पकड़ा। यह आकाशदीप का चौथा विकेट था। इसके बाद मैट हेनरी को दो बार देवदत्त पडिक्कल ने कैच छोड़कर जीवनदान दिया। एक कैच गली में आसान था, जबकि दूसरा मुश्किल मौका था। इस बीच ब्लंडेल ने अपने रन 80 के पार पहुंचाए और हेनरी के साथ नाबाद रहते हुए न्यूजीलैंड को पहले सत्र में तीन विकेट पर 84 रन और जोड़ने में मदद की।

दूसरे सत्र की शुरुआत में हेनरी और ब्लंडेल ने कुछ चौके लगाए। भारतीय क्षेत्ररक्षण की परेशानियां भी जारी रहीं। जायसवाल ने रन आउट का मौका गंवाया, जबकि बराड़ ने आकाशदीप की गेंद पर हेनरी का आसान कैच छोड़ दिया। इस तरह हेनरी को एक और जीवनदान मिला।

नौवें विकेट के लिए ब्लंडेल और हेनरी ने 22 रन जोड़े। इसके बाद बराड़ ने ब्लंडेल की पारी का अंत किया। उनका कैच आकाशदीप ने फाइन लेग पर पकड़ा। ब्लंडेल 89 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आकाशदीप ने हेनरी को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराकर अपना पांचवां विकेट पूरा किया। कैच छूटने के बाद आकाशदीप को सांत्वना देने वाले पंत ने इस उपलब्धि पर उन्हें गले लगाया। दूसरी ओर, जसप्रीत बुमराह 26 ओवर गेंदबाजी करने के बावजूद कोई विकेट हासिल नहीं कर सके।

## इमरान शेख की घातक गेंदबाजी से मध्यप्रदेश ने राजस्थान को हराया

जयपुर, 28 नवंबर अखिल भारतीय वेटरन्स क्रिकेट प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश वेटरन्स क्रिकेट संघ ने राजस्थान वेटरन्स क्रिकेट संघ को रोमांचक मुकाबले में 6 रन से हराया। मध्यप्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 182 रन बनाए। अशुल कपूर ने 36, साहिल मसूद ने 31, आकिफ पटेल ने 28 और इमरान शेख ने 25 रन बनाए। राजस्थान की ओर से बनवारी लाल जाटोलिया ने 21 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 177 रन ही बना सकी। बनवारी लाल जाटोलिया ने 35 गेंदों पर 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 54 रन की शानदार पारी खेली, जबकि विजय कश्यप ने 25 रन बनाए। मध्यप्रदेश की ओर से इमरान शेख ने 25 रन देकर 4 विकेट और आकिफ पटेल ने 28 रन देकर 2 विकेट लिए।

## हॉकी इंडिया के चुनाव का रास्ता साफ, 5 दिस. को होंगे मतदान

नई दिल्ली, 28 नवंबर। हॉकी इंडिया के चुनाव को लेकर चल रहे कानूनी विवाद पर उच्चतम न्यायालय ने शनिवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक बयान के अनुसार न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति अरुण पल्ली की पीठ ने हॉकी इंडिया की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिकाओं का निपटारा करते हुए ओडिशा उच्च न्यायालय के उन दोनों आदेशों को रद्द कर दिया, जिनमें हॉकी इंडिया की चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाई गई थी। हॉकी इंडिया ने ओडिशा उच्च न्यायालय, कटक की ओर से छह नवंबर और 18 नवंबर 2026 को पारित आदेशों को चुनौती देते हुए विशेष अनुमति याचिका (सिविल) संख्या 40972 से 40974, 2026 दायर की थी। न्यायालय ने दोनों विवादित आदेशों को निरस्त करने के साथ लंबित रिट याचिका का भी निपटारा कर दिया। न्यायालय ने निर्देश दिया कि हॉकी इंडिया के चुनाव पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराए जाएं। पीठ ने कहा कि खेल के हित प्रभावित नहीं होने चाहिए और चुनाव नहीं होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की ओर से हॉकी इंडिया की संबद्धता समाप्त किए जाने की आशंका भी शामिल है। उच्चतम न्यायालय के इस फैसले के बाद हॉकी इंडिया के चुनाव पांच दिसंबर 2026 को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराने का रास्ता साफ हो गया है।

## क्लेटन और रोचिचियोली को पहली बार ऑस्ट्रेलिया टेस्ट टीम में मौका, लियोन बाहर

सिडनी, 28 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ दिसंबर से शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए 13 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। क्वींसलैंड के बल्लेबाज जैक क्लेटन और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर कोरी रोचिचियोली को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वहीं, अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन को टीम में जगह नहीं मिली है। चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला नौ दिसंबर से शुरू होगी। पहला मुकाबला पर्थ में खेला जाएगा। इसके बाद एडिलेड, मेलबर्न और सिडनी में मुकाबले होंगे।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जैक क्लेटन, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, माइकल नेसर, मैथ्यू रेनशॉ, कोरी रोचिचियोली, स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिये न्यूजीलैंड ने चुने 7 तेज गेंदबाज, ओरूर्क और रे की वापसी

**वेलिंगटन, 28 नवंबर।**

न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ दिसंबर से शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए सात तेज गेंदबाजों को टीम में शामिल किया है। विल ओरूर्क और माइकल रे की टीम में वापसी हुई है। ओरूर्क को भारत के खिलाफ हालिया सभी प्रारूपों की श्रृंखला में कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया था।

**न्यूजीलैंड टेस्ट टीम :** टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट फिशर, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, विल ओरूर्क, ग्लेन फिलिप्स, माइकल रे, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ और विल यंग।

## आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब ने यति क्रिकेट अकादमी को हराया

जयपुर, 28 नवंबर। अंडर-14 मानसून कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब ने यति क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यति क्रिकेट अकादमी की टीम 29.1 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। आयुष यदुवंशी ने 24 रन बनाए। आइडियल की ओर से सोहेल ने 3 तथा वीर और कार्तिक योगी ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में आइडियल मल्टी स्पोर्ट्स क्लब ने 19 ओवर में 4 विकेट पर 116 रन बनाकर जीत दर्ज की। विराट शर्मा ने 28 और केतन ने 20 रन बनाए। यति की ओर से परीक्षित ने 2 विकेट लिए। सोहेल को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## वियान गुप्ता के पंजे से जयपुरिया एकेडमी की 92 रन से जीत

जयपुर, 28 नवंबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित यूथ कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में जयपुरिया एकेडमी ने एनबी एकेडमी को 92 रन से हराया। जयपुरिया की जीत में प्रणय अग्रवाल (67 रन), रितुल (52 रन) और वियान गुप्ता (5 विकेट) ने अहम भूमिका निभाई। जयपुरिया एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 6 विकेट पर 224 रन बनाए। प्रणय ने 67, रितुल ने 52 और अमय पारीक ने 47 रन बनाए। जवाब में एनबी एकेडमी की टीम 32.2 ओवर में 132 रन पर सिमट गई। वियान गुप्ता ने 19 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि काविश ने 2 विकेट लिए।

## टीम जयपुर ने 8-5 से जीता 'द ग्वालियर कप' पोलो टूर्नामेंट का खिताब



जयपुर, 28 नवंबर। जयपुर पोलो सीजन 2026 के तहत राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर शनिवार को खेले गए 'द ग्वालियर कप' (6 गोल) टूर्नामेंट के फाइनल में टीम जयपुर ने विमल एरियन अचीवर्स को 8-5 से हराकर खिताब जीत लिया। विजेता टीम की ओर से महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 5 गोल किए। जुआन जोस डियाज अल्बर्डी ने 2 और डीनो धनखड़ ने 1 गोल किया। टीम में विश्वराज सिंह राठौड़ भी शामिल थे। वहीं, विमल एरियन अचीवर्स की ओर से क्रिस ल्यूक ने 3, ध्रुवपाल गोदारा और साविर मेहराज गोदारा ने 1-1 गोल किया। टीम में रणवीर सहारण भी खेले।

**आज खेला जाएगा एग्जीबिशन मैच -** जयपुर पोलो सीजन के तहत रविवार 29 नवंबर को 'एच.एच. द महाराजा ऑफ मैसूर कप' एग्जीबिशन पोलो मैच राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर दोपहर 3:30 बजे से खेला जाएगा।

## राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में दूसरे दिन जयपुर के खिलाड़ियों का दबदबा

जयपुर, 28 नवंबर। राजस्थान वुशू संघ एवं जयपुर जिला वुशू संघ के तत्वावधान में श्री जगमहल पैलेस, लालचंदपुरा में आयोजित 20वीं सीनियर एवं सब जूनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता के दूसरे दिन जयपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर शान्शु मुकाबलों में जयपुर के गौरव ने 52 किग्रा, मानस ने 56 किग्रा, रुद्रांक्ष ने 60 किग्रा, किरण ने 45 किग्रा, मेघा जोशी ने 48 किग्रा, सुहालिया मंसूरी और जाह्नवी ने 56 किग्रा वर्ग में अपने मुकाबले जीते। सब जूनियर वर्ग में जयपुर के रुद्र गौतम ने 28 किग्रा वर्ग में जीत दर्ज की। आयोजन अध्यक्ष एवं राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानन्द कटारिया ने बताया कि रविवार को पुरुष एवं महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। दूसरे दिन के समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. कर्मवीर सिंह बेनीवाल और जगमहल पैलेस के डायरेक्टर जगदीश रूंथला का माला एवं शॉल पहनाकर स्वागत किया गया।

## महिला अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

नई दिल्ली, 28 नवंबर। संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले आगामी एसीसी अंडर-19 महिला एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने प्रतियोगिता के लिए 15 सदस्यीय भारतीय अंडर-19 टीम का चयन किया है।

टीम में भाविका अहिरे (कप्तान और विकेटकीपर), इरा जाधव, निधि महतो, पूर्वा सिवाच, महक नरवसे, मैत्री मनियार, ईश्वरी आवासरे, दीया यादव, श्रेया एस. चव्हाण (विकेटकीपर), समायरा राघव, कुमारी पलक, उमा काश्वी, अचसा परमार, अनादी तागड़े (उपकप्तान) और पलक सिंह को शामिल किया गया है।

## मुशफिकुर का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला

नई दिल्ली, 28 नवंबर। बांग्लादेश क्रिकेट के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में शामिल मुशफिकुर रहीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदाई लेने का फैसला कर लिया है। वह अगले साल इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के दौरान ढाका में अपना आखिरी मुकाबला खेलेंगे।

# रघु सिन्हा आईटीएफ मास्टर्स 400 टेनिस टूर्नामेंट को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

### 6 से 12 दिसंबर तक जयपुर क्लब में होंगे मुकाबले, अमेरिका-जापान सहित सात विदेशी खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

जयपुर, 28 नवंबर। रघु सिन्हा टेनिस क्लब के प्रतिष्ठित रघु सिन्हा आईटीएफ मास्टर्स 400 टेनिस टूर्नामेंट, जयपुर को वर्ष 2025 के लिए अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स टूर का टूर्नामेंट रिकग्निशन अवॉर्ड प्रदान किया गया है। यह सम्मान आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था और खिलाड़ियों की संतुष्टि के लिए दिया गया है। राजस्थान लॉन टेनिस संघ के सचिव राजीव शर्मा ने आईटीएफ की ओर से क्लब को आधिकारिक प्रमाण पत्र प्रदान किया। टूर्नामेंट का आयोजन 6 से 12 दिसंबर तक जयपुर क्लब में होगा। इसमें करीब 160 खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। प्रतियोगिता में अमेरिका के दो, जापान के दो तथा स्लोवाकिया, जर्मनी और इटली के एक-एक खिलाड़ी सहित सात विदेशी



खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। आयोजन समिति के चेयरमैन सुरेंद्र गोलछा ने बताया कि टूर्नामेंट को भविष्य में आईटीएफ एमटी 400 से बढ़ाकर एमटी 700 श्रेणी में ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में देश में एमटी 700 टूर्नामेंट इंदौर और मेरठ में आयोजित होते हैं। जयपुर में भी इस स्तर का टूर्नामेंट होने से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को यहां खेलने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को मिलने वाले अंकों के आधार पर भारतीय टीम का चयन भी किया जाता है। जयपुर क्लब के चार टेनिस कोर्ट पर मुकाबले खेले जाएंगे। मैच प्रतिदिन सुबह 8 से रात 8 बजे तक होंगे। पुरुषों में 40 से 80 वर्ष तथा महिलाओं में 30, 40 और 50 वर्ष आयु वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि दो लाख रुपये रखी गई है। खिलाड़ियों के लिए स्मृति चिह्न, भोजन, रिफ्रेशमेंट और मेडिकल सुविधाओं के साथ फिजियोथेरेपिस्ट की व्यवस्था भी रहेगी। आयोजन समिति में सुधीर माथुर, प्रदीप जैन, राजेंद्र सिसोदिया, ललित तलेड़ा, नरेश दरियानी सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

# कुशाग्र के नाबाद शतक से राजस्थान ने हिमाचल को दिया 437 रन का लक्ष्य

जयपुर, 28 नवंबर। बीसीसीआई अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में राजस्थान ने हिमाचल के खिलाफ तीसरे दिन पहली पारी में 145 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। राजस्थान के गेंदबाज अनिल दारा (4 विकेट) और प्रखर शर्मा (3 विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान कुशाग्र ओझा ने दूसरी पारी में नाबाद शतक जड़कर राजस्थान की स्थिति मजबूत कर दी। हिमाचल ने दूसरे दिन के स्कोर 3 विकेट पर 207 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन राजस्थान के गेंदबाजों ने महज 8 रन जोड़कर उसके शेष सात विकेट 215 रन पर समेट दिए।



अनिल दारा ने 41 रन देकर 4 और प्रखर शर्मा ने 47 रन देकर 3 विकेट लिए। सुमित तेजी और सौभाग्य भाटी को एक-एक विकेट मिला। पहली पारी में 360 रन बनाने वाले राजस्थान ने दूसरी पारी 7 विकेट पर 291 रन बनाकर घोषित की। कप्तान कुशाग्र ओझा ने नाबाद 100 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि रजत बघेल ने 50, आदित्य भाम्भू ने 44 और शौर्यवर्धन शक्तावत ने 33 रन बनाए। यथार्थ भारद्वाज ने 29 और अभय शर्मा ने 24 रन का योगदान दिया। हिमाचल के नौनिहाल ने 3 और साहिल ने 2 विकेट लिए। राजस्थान ने हिमाचल के सामने जीत के लिए 437 रन का लक्ष्य रखा है। मैच का अंतिम दिन शनिवार को खेला जाएगा।

### अंडर-16 राजस्थान टीम में बदलाव

बीसीसीआई अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के आगामी मैचों के लिए राजस्थान टीम में बदलाव किया गया है। लाव्या गुप्ता और निलय अरोड़ा को टीम से बाहर किया गया है, जबकि आदित्य रंगा को टीम में शामिल किया गया है।